भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

**विज्ञापन संख्या आईसीएमआर/ई-169836/सीएसटीयू/आयुष/35/2023** **दिनांक:-05.08.2024**

आईसीएमआर मुख्यालय, **"पुनर्नवादी मंडुरा की प्रभावकारिता और सुरक्षा तथा प्रजनन आयु वर्ग की अगर्भवती महिलाओं में आयरन की कमी वाली एनीमिया के उपचार में आयरन फोलिड एसिड की तुलना में द्राक्षावलेह का संयोजन: एक समुदाय-आधारित त्रिस्तरीय बहु-केंद्रित यादृच्छिक लाक्षणिक नियंत्रण परीक्षण"** नामक परियोजना के लिए पूरी तरह से अस्थायी संविदा आधार पर निम्नलिखित गैर-संस्थागत पद को भरने का प्रयोजन है।

| क्र.सं. | विवरण | अनिवार्यताएं/जानकारी |
|---|---|---|
| 2. | पदनाम | **परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक-II (चिकित्सा)** |
| 3.. | रिक्तियों की संख्या | एक पद |
| 4.. | अनिवार्य अर्हकताएं | 1. एमबीबीएस/बीडीएस के साथ तीन वर्ष का अनुभव<br>2. एमबीबीएस/बीडीएस के साथ एमपीएच/पीएचडी<br>3.एमबीबीएस/बीडीएस + स्नातकोत्तर डिग्री, जिसमें पीजी डिग्री अनिवार्य है। |
| 5. | वांछनीय | क्लिनिकल ट्रायल/मॉनीटरिंग/समन्वय में अनुभव |
| 6. | आयु | अधिकतम 40 वर्ष |
| 7. | अवधि | 18 माह |
| 8. | समेकित पारिश्रमिक | 80,000 रुपये+ यथा ग्राह्य मकान किराया भत्ता |

योग्य उम्मीदवार आवेदन जमा करने की निर्धारित तारीख और समय के भीतर अर्थात **20 अगस्त, 2024 को 17:00 बजे तक** cstu.recruitment.icmr@gmail.com पर अपना आवेदन ईमेल के माध्यम से जमा कर सकते हैं। **देरी से/विलंबित से/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों** पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना कोई कारण बतायें, बिना कोई सूचना और पत्राचार किए बिना आवेदन रद्द कर दिए जाएगें। अत: अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन समय से पूर्व जमा करवा दें। सफल अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी आईसीएमआर द्वारा सभी मूल दस्तावेजों के सत्यापन और योग्यता, आयु और अनुभव आदि के सभी मामलों में आवश्यक पात्रता मानदंडों की पूर्ति करने के अधीन होगी। **सफल अभ्यर्थियों को ही परीक्षण/और साक्षात्कार के बारे में ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।**

**नियम और शर्तें:-**

1. ये पद अस्थायी परियोजनाओं के लिए हैं, जिनकी नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी संविदा आधार पर की जाएगी।
2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों, छंटनीग्रस्त सरकारी कर्मचारियों, विभागीय उम्मीदवारों (परियोजनाओं सहित) और भूतपूर्व सैनिकों आदि के लिए आयु में छूट केंद्र सरकार/डीओपीटी/आईसीएमआर द्वारा समय-समय पर जारी किए अनुदेशों के अनुसार स्वीकार्य होगी। अनुभवी और कुशल व्यक्तियों के लिए अन्य शोध परियोजनाओं में दी गई सेवा की सीमा तक आयु में छूट भी स्वीकार्य

होगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग को केवल उनके लिए आरक्षित पदों के संबंध में आयु में छूट दी जाएगी, अनारक्षित पदों के लिए नहीं।

3. आयु सीमा की अंतिम तारीख आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि ही होगी।
4. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
5. अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के उम्मीदवारों को अपना नवीनतम जाति वैधता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। उनके पास तीन वर्षों के भीतर जारी किया गया नवीनतम गैर-क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र होना चाहिए। दिव्यांग उम्मीदवारों को सरकारी अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी नवीनतम विकलांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें विकलांगता 40% से कम न हो।
6. परियोजना में सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति भी नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अपने विवेक से तय की जाएगी।
7. प्रतिष्ठित संस्थान से प्रासंगिक विषय/क्षेत्र/व्यापार में योग्यता और अनुभव होना चाहिए। न्यूनतम अनिवार्य अर्हकता प्राप्त करने के बाद का अनुभव मान्य होगा।
8. केवल अनिवार्य अर्हकता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
9. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।
10. कोई यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा और उम्मीदवारों को अपने परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
11. आईसीएमआर बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
12. उम्मीदवार का आईसीएमआर या उसके किसी भी संस्थान/केंद्र में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और उनकी परियोजना अवधि किसी अन्य परियोजना में आगे कोई कार्यभार या स्थानांतरण या वित्तपोषित एजेंसी (फंडिंग एजेंसी) या आईसीएमआर में नियुक्ति/आमेलन का कोई अधिकार **नहीं** होगा। आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और अन्य सुविधाओं के लाभ परियोजना स्टाफ के लिए स्वीकार्य **नहीं** हैं।
13. आईसीएमआर, बिना कोई कारण बताए, सहमत संविदा अवधि या विस्तारित संविदा अवधि के दौरान भी चयनित उम्मीदवार की सेवाओं को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
14. छुट्टी परियोजना मानव संसाधन के लिए आईसीएमआर की नीति के अनुसार होगी।
15. उम्मीदवार को निर्धारित प्रारूप में अपना विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, हाल ही का एक पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो के साथ विस्तृत जीवनवृत्त/सीवी और सभी प्रासंगिक दस्तावेज; **स्वयं द्वारा सत्यापित;** अपनी शैक्षिक योग्यता [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण पत्र और अंकतालिका], कार्य अनुभव, आयु, जाति और फोटो पहचान पत्र [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के साक्ष्य के रूप में आवेदन जमा करने की निर्धारित तिथि और समय के भीतर जमा करने होगें, ऐसा न करने पर उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलम्ब से/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
16. परीक्षा/साक्षात्कार या दोनों के लिए बुलाए जाने पर, अभ्यर्थी को अपनी शैक्षणिक योग्यता [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण-पत्र और अंक-पत्र], कार्य अनुभव, आयु, जाति आदि के प्रमाण के रूप में हाल ही में खिंचवाई गई पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो और सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ अपना जीवनवृत्त प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

17. आईसीएमआर अपने विवेक से किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

18. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/आगे की जानकारी; यदि कोई हो; केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित आगे की अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से आईसीएमआर की वेबसाइट देखते रहें।

**नोट: जिस अभ्यर्थी ने पहले इसके लिए आवेदन किया है, उसे दोबारा आवेदन नहीं करना चाहिए। यदि वे ऐसा करते हैं, तो उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**प्रशासन अधिकारी** 05/8/24